जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 16.10.2024

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 18 अभियुक्त गिरफ्तार

- *थाना दुधारा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना महुली पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना बखिरा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 12 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1483 द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल 02 व्यक्ति व 01- महिला को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 1483 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत बलूशासन से इवेंट सं0 33720 से कालर ने मो0न0 9118317513 से सड़क मार्ग में दो बाईक आपस में अनियंत्रित होकर टकरा जाने के कारण 02 व्यक्ति व 01-महिला (1- पिन्टू पुत्र प्रहलाद, 02- सिंधि पुत्री पिन्टू, ग्राम बालूशासन, 03- निरज पुत्र दीनानाथ ग्राम सतहुआ थाना कोतवाली खलीलाबाद, संतकबीरनगर) के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर समय से पहुंचकर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति व महिला को इलाज हेतु एम्बुलेंस 108 की सहायता से जिला अस्पताल खलीलाबाद भेजवाया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सुझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति व महिला को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ- हे0का0 हरिओम यादव , उपेन्द्र खरवार, हो0चा0 अवधेश त्रिपाठी।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 26 वाहनों से 26,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 16.10.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 26 वाहनों से 26,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 05 स्थानों पर लगवाये गये 21 सीसीटीवी कैमरे

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे ***आपरेशन त्रिनेत्र*** हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में आज दिनांक 16.10.2024 को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 05 स्थान पर 21 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। थाना बखिरा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा, थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा, थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा, थाना दुधारा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 07 कैमरा, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 02 कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।